**दिनांक—11.02.2026 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री महोदय की प्रगति यात्रा के क्रम में घोषित अधौरा बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना (MVS) एवं छातापुर बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना (MVS) से संबंधित आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः—**

---

➢ **अधौरा बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना (MVS):—**

- ❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, भभुआ द्वारा बताया गया कि 1st बोरिंग में DPR Provision में 18"X12" size पर योजना कार्य को शुरू किया गया। बोरिंग के क्रम में 10 ft.—80 ft. के मध्य Coarse Sand एवं Hard Rock तथा 80 ft. से अधिक Depth में जाने पर Black Granite पाई गई। अतः Reverse Rotary Drilling मशीन टंगस्टन कार्बाइड बीट के माध्यम से बोरिंग कार्य सम्पन्न किया गया। अनुमानित 10HP मोटर का डिस्चार्ज उपलब्ध है।

- ❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, भभुआ द्वारा बताया गया कि दूसरी बोरिंग 1st बोरिंग से लगभग 80 मीटर Upstream में किया गया जो कि असफल रहा। योजना असफल होने की स्थिति में फिर 1st बोरिंग से 600 मीटर Down Stream की तरफ बोंरिग किया गया जिसमें 60—70ft. के मध्य Coarse Sand प्राप्त हुआ। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि अनुमानित 20 HP का मोटर चल सकता है।

- ❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, भभुआ द्वारा बताया गया कि पूर्व से निर्धारित Rising Main Route 70—80 डिग्री Inclination होने के कारण, Surge Pressure एवं Mechnical Challenges को न्यूनतम करने हेतु वैकल्पिक Rising Route का सर्वेक्षण किया गया जिसमें प्राप्त नया Route तुलनात्मक रूप से Gentle Slop लगभग 40—50 डिग्री है जो कि Current Provision में Include किया गया है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि नये Rising Route के आसपास का जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर जल्द बोरिंग किया जायेगा। Down Stream Direction में बोरिंग सफल होने की संभावना के अनुमान के आधार पर उसी के आस—पास बोरिंग किया जायेगा।

- ❖ संवेदक NALANDA ENGICON PRIVATE LIMITED द्वारा भी बताया गया कि नये स्थल पर Strata Chart अच्छा है, वहॉ पर 20HP का discharge मिल जायेगा। Consulting Agency ने भी अपने Under Ground strata Lithology के Presentation में बताया कि यहॉ पर Aquifer में Sufficient discharge है।

- ❖ Consulting Agency (Consultant) और Construction agency (संवेदक) दोनों ने ही जोर देकर कहा कि नये स्थल पर Sufficient discharge है कोई समस्या नहीं है। कार्य ससमय पूर्ण कर लिया जायेगा।

➢ छातापुर बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना (MVS):–

❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, सुपौल द्वारा बताया गया कि 16 ESR का जमीन उपलब्ध है। शेष 7 ESR का जमीन अनुपलब्धता के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि अविलंब संबंधित जिलापदाधिकारी से समन्वय कर जमीन एजेंसी को उपलब्ध करायेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, सुपौल द्वारा बताया गया कि WTP के लिए जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र अप्राप्त है जिसे अविलंब संबंधित जिला पदाधिकारी से समन्वय कर एजेंसी को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि Intake well की Location चिन्हित करते हुए योजना के कार्य में तेजी लायेंगे।

**अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

➢ अन्यान्यः–

❖ सचिव महोदय द्वारा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि छातापुर बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना तथा माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित अधौरा बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु संवेदकों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे सामग्री की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करेंगे। जांच में गुणवत्ता मानक के अनुसार होने पर ही संवेदक को निर्माण हेतु उपयोग करने की अनुमति दी जाय।

**अनुपालनः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया/संबंधित कार्यपालक अभियंता ।**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

24/02/26

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांकः– 14/901 — 1091/24 – 164 दिनांक– 25/2/26

प्रतिलिपिः– क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सासाराम एवं सहरसा/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भभुआ एवं सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि01—1091/24–164 दिनांक– 25/2/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0 / का0प्र0) / अपर सचिव / सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार / दक्षिण बिहार / यांत्रिक / अनुश्रवण) / अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव / आई0टी मैनेजर / प्रशाखा पदाधिकारी–14, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि01—1091/24–164 दिनांक– 25/2/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव / विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)